## संक्षिप्त समाचार

### बिगड़ने लगी दिल्ली की आबोहवा, 24 इलाकों की हवा दमघोंटू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अप्रैल की शुरुआत में दिल्ली की आबोहवा काफी साफ दर्ज की गई थी लेकिन अब यह खराब होने लगी है। ऐसे में राजधानी की हवा को साफ करने के लिए फिर से कवायद शुरू हो गई है। इसी कड़ी में प्रदूषण के 24 नए हॉट स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। 13 स्थान पहले ही प्रदूषण के हॉट स्पॉट के रूप में घोषित हैं। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल दिल्ली के कुल 37 ऐसे इलाकों की पहचान की गई है, जहां प्रदूषण स्तर आमतौर पर ज्यादा रहता है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से तैयार रिपोर्ट में प्रदूषण स्रोत की जानकारी बिन्दुवार एकत्रित की गई है। इसके लिए जिम्मेदार विभागों की सूची भी तैयार की गई है। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र के वायु गुणवत्ता विशेषज्ञ अविकल ने कहा कि प्रदूषण का स्रोत पता होगा, तभी उसे दूर करने में मदद मिल सकती है। स्थानीय स्तर पर तैयार की जाने वाली इस तरह की कार्ययोजना प्रदूषण की रोकथाम के लिए कारगर साबित हो सकती है। अब तक राजधानी में आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, द्वारका, जहांगीरपुरी, मुंडका, नरेला, ओखला, पंजाबी बाग, रोहिणी, आरके पुरम, विवेक विहार, वजीरपुर क्षेत्र हॉटस्पॉट घोषित थे। आईजीआई टी-3, अलीपुर, आयानगर, बुराड़ी क्रॉसिंग, सीआरआरआई, करणी सिंह रेंज, डीटीयू, नॉर्थ कैंपस, इहबास, आईटीओ, जेएलएन स्टेडियम, लोधी रोड, नजफगढ़, नेशनल स्टेडियम, नेहरू नगर, न्यू मोतीमबाग, एनएसयूटी द्वारका, पटपड़गंज, पूसा, पूसा सेंट्रल, शादीपुर, सिरी फोर्ट, सोनिया विहार, अरबिंदो मार्ग।

### रंजिश या गैंगवार? दिल्ली के अलीपुर में गोगी गैंग के बदमाश को सरेराह गोलियों से भून डाला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अलीपुर इलाके में सोमवार दोपहर गोगी गिरोह से जुड़े शख्स को बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। मृतक की पहचान 34 वर्षीय नरेंद्र मलिक के तौर पर हुई है। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि नरेंद्र मलिक अलीपुर थाने का घोषित बदमाश था और गोगी गिरोह से जुड़ा हुआ था। उस पर अलीपुर थाने में लूट और आर्म्स एक्ट के तीन मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल नरेंद्र भारवाहक ऑटो चलाता था। दोपहर को वह स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के पास अपने साथी तरुण और अमित के साथ बात कर रहा था। इस दौरान बाइक सवार पांच युवकों ने नरेंद्र पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। अमित मौके से भाग गया, लेकिन हमले में नरेंद्र को 14 गोलियां लगीं, जबकि तरुण के पैर में एक गोली लगी है। इस अचानक हुई अंधाधुंध फायरिंग से इलाके में हलचल मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल और 15 कारतूस बरामद किए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नरेंद्र धुलिया कॉलोनी में रता था। उसका छोटा भाई मोनू हत्या के मामले में जेल में बंद है। मोनू ने वर्ष 2020 में अपने दोस्त की चाकू घोपकर हत्या की थी। परिजनों ने बताया कि नरेंद्र की किसी से दुश्मनी नहीं थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक वारदात के पीछे टिल्लू गिरोह के सदस्यों के हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। घटनास्थल के आसपास से आईपीडीआर और सीडीआर का डाटा लिया जा रहा है। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज किया है।सूचना मिलने पर नरेंद्र की मां राजवती और बहन ममता अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। राजवती ने बताया कि एक बजे उनका बेटा घर से ऑटो लेकर निकला था।

# नूंह में खुल रहे बूचड़खाने, यूपी के बाद मेवात बन रहा अड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश (यूपी) के बाद मेवात इलाके का जिला नूंह बूचड़खाना (पशु वध) का केंद्र बनता जा रहा है। पिछले पांच साल में यहां 13 से ज्यादा बूचड़खाना स्थापित हो चुके हैं। काफी बूचड़खाना लगाने की योजना अभी फाइलों में चल रही है। इनकी वजह से फैल रही गंदगी के चलते स्थानीय लोगों ने अब इनका विरोध शुरू कर दिया है और पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में बूचड़खाना को लेकर प्रदेश सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। नियमों का पालन नही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई बदस्तूर जारी है। जिसके चलते काफी बूचड़खाना उतर प्रदेश में बंद हो गए हैं। ऐसे बूचड़खाना के संचालकों ने जिला नूंह का रुख किया है।

मुस्लिम बाहुल्य इलाका और सस्ती जमीन यहां आकर्षण का मुख्य केंद्र है। लोगों का कहना है कि मेवात इलाके में भी गरीबी ज्यादा है। रोजगार के साधन नहीं हैं। जिसके चलते लोग जमीन बेच रहे हैं। प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े जमाल का कहना है कि जिला नूंह में जमीन काफी सस्ती है। इसको लेकर



बूचड़खाना के लिए निवेशकों की रुचि इस तरफ बढ़ रही है। बूचड़खाना की विरोध में दर्ज याचिका की पिछले दिनों सुनवाई के बाद कोर्ट ने जिला प्रशासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि बूचड़खाना से निकलने वाला गंदा पानी और वध के बाद पशुओं के खून का मेडिकल लिहाजे से निष्पादन नही हो रहा है। इसकी वजह से इलाके में गंदगी फैल रही है। किसानों के खेत खराब हो रहे हैं। आसपास बदबू का आलम है। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। बहरहाल, अब अगली सुनवाई में कोर्ट में जिला प्रशासन को अपनी रिपोर्ट देनी होगी।

नूंह के किसान सूबेदार ने बूचड़खाने के विस्तार के संभावित परिणामों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में कृषि की समृद्ध परंपरा है और प्रस्तावित विस्तार से हमारी भूमि और जल संसाधनों की अखंडता को नुकसान पहुंचने का खतरा है। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता पर इसके पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूचड़खाने के बढ़ते संचालन से प्रदूषण और अपशिष्ट निपटान के मुद्दे बढ़ रहे हैं। जिससे हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को काफी खतरा होगा। समाजसेवी रियाजुद्दीन का कहना है कि मेवात इलाके में बूचड़खाना को अनुमति देना उचित नही है। यह इलाका पहले से ही पशु वध को लेकर काफी संवेदनशील है। इनकी संख्या बढ़ने से इलाके में लोगों की समस्या बढ़ेगी। इतिहासकार डॉक्टर सिद्दीक अहमद मेव कहते हैं कि मेवात इलाका हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक है। यहां बूचड़खाना खोलना बिल्कुल भी उचित नहीं है। पिछले दिनों भी पशु वध को लेकर विवाद हो चुका है। यहां 100 से ज्यादा बूचड़खाना खोलने की तैयारी है, जो एक साजिश का हिस्सा लग है।

डीटीपी नूंह बिनेश ने कहा कि जिले में बूचड़खाना खुल रहे हैं। कंट्रोल एरिया में एनओसी की जरूरत होती है। अगर कोई गलत कार्य करेगा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी से भावनाएं आहत हुई, कैंपेन में बोलीं आप नेता आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण बीत चुका है और दूसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से प्रचार में लगे हुए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। आप अभी अरविंद केजरीवाल के बिना ही जेल का जवाब वोट से कैंपेन चला रही है। इस चुनावी कैंपेन के तहत आम आदमी पार्टी जेल का जवाब वोट से संकल्प सभा का आयोजन कर रही है।

इसी कड़ी में दिल्ली में जेल का जवाब वोट से संकल्प सभा का आयोजन किया गया था। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी इस संकल्प सभा में मौजूद थीं। ईस्ट दिल्ली की न्यू कोंडली में इस संकल्प सभा का आयोजन किया गया था। इस लोकसभा सीट से संदीप कुमार आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी हैं। आतिशी ने कहा कि इस संकल्प सभा में कोंडली इलाके से सैंकड़ों लोग आए थे। यहां आए लोगों ने एक सुर में कहा है कि वो जेल का जवाब वोट से देंगे। आतिशी ने बताया कि यहां के लोगों ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को झूठे आरोपों में जेल में डाला गया है। आतिशी ने दावा किया, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से काफी दुखी हैं और उनकी भावनाएं आहत हुई हैं।

अरविंद केजरीवाल ना सिर्फ उनके मुख्यमंत्री हैं बल्कि उनके बेटे और भाई हैं।

# एक और मुश्किल में फंसी आप, विजिलेंस विभाग ने एसीबी को लिखा लेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। विजिलेंस विभाग के एक कदम से दिल्ली सरकार के लिए दिक्कत खड़ी हो सकती है। दरअसल, विजिलेंस विभाग का कहना है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में एक सलाहकार पिछले साल अपनी सेवाएं समाप्त होने के बावजूद इससे जुड़े मामलों में निर्देश दे रहा था और सक्रिय रूप से भाग ले रहा था, और ऐसी गतिविधियां डीजेबी की सुरक्षा, संरक्षा और अखंडता से समझौता करती हैं। विभाग ने इस मामले को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को रेफर कर दिया है।

(आप) सरकार ने इस कदम को विच-हंट कहा है। एसीबी के संयुक्त आयुक्त को सोमवार को लिखे पत्र में, विशेष सचिव (सतर्कता) ने लिखा कि अंकित श्रीवास्तव, जो एलजी के अप्रूवल के बिना डीजेबी में सलाहकार के तौर पर कार्यरत थे, वे हाई प्रोफाइल व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे, जिसका नाम मंत्री (जल) समूह है। यह ग्रुप महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेता है। वे तब भी इसका हिस्सा थे जबकि उन्हें सलाहकार (हाइड्रोलिक्स और वाटर बॉडीज) के पद से हटा दिया गया




था।बता दें कि पिछले साल जुलाई में, एलजी वीके सक्सेना ने निर्देश दिया था कि दिल्ली सरकार द्वारा फेलो, सलाहकार और सलाहकार के रूप में नियुक्त लगभग 400 निजी व्यक्तियों की सेवाएं इस आधार पर समाप्त कर दी जाएं। उन्होंने कहा था नियुक्ति में आरक्षण के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था या वे एलिजिबिलिटी क्राइटीरिया मानदंडों (पात्रता के मापदंड) को पूरा नहीं करते थे। एसीबी को लिखे पत्र में, विशेष सचिव (सतर्कता) ने डीजेबी के सतर्कता विभाग से मांगे गए और मिले जवाब का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि श्रीवास्तव 5 अक्टूबर, 2023 तक व्हाट्सएप समूह के सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे। डीजेबी की सतर्कता रिपोर्ट से यह पता चलता है कि श्रीवास्तव निर्देश दे रहे हैं और चीफ इंजीनियर को हटाने तक में एक्टिव रूप से भाग ले रहे थे। इस तरह की गतिविधियां डीजेबी की सेफ्टी, सुरक्षा और अखंडता के साथ समझौता करने के अलावा और कुछ नहीं है। डीजेबी के संदर्भ में सीबीआई और ईडी द्वारा कई मामलों की जांच की जा रही है।

## महात्मा सुशील का द्विदिवसीय महानिर्वाण महोत्सव हुआ आरंभ माँ विजया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन, देश-विदेश से सात हज़ार से अधिक इस्सयोगी ले रहे हैं भाग

विनोद तकियावाला पटना,23 अप्रैल। आध्यात्मिक क्रान्ति इस्सयोग के प्रवर्तक महात्मा सुशील कुमार जी महा निर्वाण दो दिवसीय महोत्सव का आरम्भ हुआ। हज़ारों मुख से एक स्वर में हुए गगन-भेदी जयघोष के साथ,अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के संस्थापक एवं सूक्ष्म आध्यात्मिक साधना पद्धति %इस्सयोग% के प्रवर्त्तक ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार का दो दिवसीय 22वाँ महानिर्वाण महोत्सव, .मंगलवार को तीसरे पहर से आरंभ हो गया। कंकड़बाग हाउसिंग कौलोनी स्थित संस्था के मुख्यालय और %गुरुधाम% में अपराह्न दो बजकर बीस मिनट पर संस्था की अध्यक्ष सद्गुरुमाता माँ विजया जी के निर्देश पर संस्था के उपाध्यक्ष पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। संस्था के सचिव के एस वर्मा तथा संदीप गुप्ता ने सद्गुरु एवं गुरुमाँ की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ इस्सयोगी लक्ष्मी प्रसाद साहू %मामाजी% ने दोनों मूर्तियों पर रेशमी चादर अर्पण किया। इस अवसर पर संस्था की त्रैमासिक पत्रिका %इस्सयोग संदेश% के महानिर्वाण-महोत्सव विशेषांक का लोकार्पण नीना एस गुप्ता द्वारा किया गया।आधे घंटे की सामूहिक %आह्वान साधना% के पश्चात सवा तीन बजे से




22घंटे की अखंड सामूहिक साधना और संकीर्तन आरंभ हुआ,जिसका समापन बुधवार को पूर्वाहन सवा नौ बजे होगा।पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ, समर्पण के भाव से हज़ारों साधक-साधिकाएँ अपने परम आराध्य ब्रह्मलीन सदगुरुदेव के चरणों में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ के अनुसार, आज आरंभ हुए दो दिनों के इस सबसे बड़े उत्सव में संस्था के संयुक्त सचिव उमेश कुमार, संगीता झा, रेणु गुप्ता,शिवम् झा,काव्या सिंह झा, डा द्रासनिका पटेल,सरोज गुटगुटिया,डा जेठानंद सोलंकी, वंदना वर्मा,दीनानाथ शास्त्री,डा मनोज राज, माया साहू,डा रौबिन समुंदर ,ममता जमुआर, कपिलेश्वर मंडल,अजीत पटनायक,रवींद्र कुमार,अजय पाण्डेय,डा मनोज धमीजा,नितिन साहू, सुशील प्रजापति,हरि पंडा, सुषमा मूलचंद,आर सी तिवारी, सुरेश बलेचा,डा गीतारानी जेना,संगीता ठाकुर,योगेन्द्र प्रसाद,संतोष कुमार तथा विनोद तकियावाला समेत अमेरिका, इंगलैड,औस्ट्रेलिया,सिंगापुर,थाईलैंड,नेपाल तथा दुबई समेत दुनिया भर से सात हज़ार से अधिक साधकगण भाग ले रहे हैं।

# डिंपल यादव समेत अब तक 35 प्रत्याशी बिना लड़े जीत चुके हैं लोकसभा चुनाव, कांग्रेस नंबर 1

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
बीते 12 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई प्रत्याशी बिना मतदान के ही विजेता घोषित कर दिया गया है। भाजपा के मुकेश दलाल को सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। इस तरह गिनती से पहले ही भाजपा का खाता खुल चुका है। दरअसल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में कमी पाए जाने के बाद पर्चा खारिज कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक प्रत्याशी के दस्तखत में समस्या पाई गई थी।

देश में 1951 से ही लोकसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। इतने सालों में केवल 35 उम्मीदवार बिना मतदान के ही निर्विरोध लोकसभा चुनाव जीते हैं। इनमें समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव भी शामिल हैं। दरअसल 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव में उनके सामने कोई भी उम्मीदवार नहीं था। ऐसे में डिंपल यादव की निर्विरोध जीत हुई थी। निर्विरोध जीत के मामले में कांग्रेस नंबर 1 पर है। डिंपल यादव के अलावा अन्य नेताओं की बात करें तो नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला, टीटी कृष्णामाचारी, पीपी सईद, वाईबी चव्हाण और एससी जमीर शामिल हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा प्रत्याशी निर्विरोध जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। 1957 में जब दूसरी बार लोकसभा के चुनाव हुए थे तो सात उम्मीदवार निर्विरोध ही जीत गए थे। 1951 में पांच और 1967 में पांच उम्मीदवार इसी तरह निर्विरोध जीते थे। गुजरात में एक भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत के बाद अब 25 लोकसभा सीटों के लिए 265 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारी ने बताया कि सोमवार 22 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी।



कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं। गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''12 से 19 अप्रैल के बीच 26 लोकसभा सीटों के लिए कुल 433 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अलावा, पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 37 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए।' इसमें कहा गया, ''20 और 21 अप्रैल को हुई जांच प्रक्रिया के दौरान 105 लोकसभा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जिससे संख्या घटकर 328 रह गई। इसी तरह, विधानसभा उपचुनाव के लिए 27 उम्मीदवार जांच के बाद पात्र पाए गए।''

## घर से कैसे आ सकता है ऐसा खाना; केजरीवाल के आम-मिठाई खाने पर कोर्ट हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खानपान और सेहत को लेकर खूब विवाद हो रहा है। इंसुलिन की मांग और प्रतिदिन प्राइवेट डॉक्टर से दिखाने की मांग को लेकर कोर्ट पहुंचे केजरीवाल को सोमवार को बड़ा झटका लगा। कोर्ट ने ना सिर्फ उनकी मांग खारिज कर दी बल्कि खानपान पर हैरानी भी जताई। तिहाड़ प्रशासन को भी सुना डाला। कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल के घर से खाने की जो चीजें आ रही हैं वह डॉक्टर की सलाह से अलग है। कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें आलू, अरबी और आम खाने को नहीं कहा है, लेकिन इसे भोजन में शामिल किया गया। सीबीआई और ईडी केस के लिए स्पेशल जज कावेरी बवेजा ने कहा कि जेल प्रशासन ने यह नहीं बताया है कि केजरीवाल तक ऐसा खाना क्यों जाने दिया गया जो मेडिकल सलाह के मुताबिक नहीं था। कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई जब एक दिन पहले ईडी ने आरोप लगाया कि डायबिटीज के बावजूद वह आम, आलू पूरी, मिठाई खा रहे हैं ताकि उनका ब्लड शुगर बढ़ जाए और वह जमानत का आधार बना सकें। कोर्ट ने सोमवार को आदेश दिया कि केजरीवाल को घर का बना खाना मिलता रहेगा लेकिन एम्स मेडिकल बोर्ड की ओर से दिए जाने



वाले डाइट चार्ट का सख्ती से पालन किया जाए। मेडिकल बोर्ड की ओर से जब तक डाइट प्लान नहीं दिया जाता है तब तक केजरीवाल के परिवार को उनके डॉक्टर की ओर से दिए गए डाइट चार्ट का पालन करने को कहा गया है। केजरीवाल को एक अप्रैल को तिहाड़ भेजे जाते समय कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की इजाजत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि तिहाड़ प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि केजरीवाल को वही खाना दिया जाए जो डॉक्टरों ने सलाह दी है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, कोर्ट ने केजरीवाल के घर से मिठाई-आम आदि आने पर भी हैरानी जताई। कोर्ट ने कहा, कोर्ट यह समझने में असमर्थ है कि क्यों आवेदक (केजरीवाल) का परिवार आम, मिठाई, आलू पूरी आदि भेज रहा था जोकि डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक नहीं है।

# पुलिस एनकाउंटर में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल, शराब नहीं देने पर सेल्समैन को मारी थी गोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा पुलिस ने हत्या के एक मामले में आरोपी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। डिप्टी पुलिस कमिश्नर (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि कुछ लोगों ने 31 मार्च को हैबतपुर गांव स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन हरिओम नागर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि ये लोग देर रात को सेल्समैन से शराब की बोतल मांग रहे थे लेकिन जब उसने उन्हें बोतल देने से इनकार कर दिया तो उन्होंने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पूर्व में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। सुनीति ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या में मेरठ निवासी नाजिम (23) भी शामिल था। उन्होंने बताया कि उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सोमवार देर रात को थाना बिसरख पुलिस को सूचना मिली कि सेल्समैन की हत्या में शामिल बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से ग्रेटर नोएडा में आया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसकी तलाश में जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गैलेक्सी वेगा गोल चक्कर



के पास बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति आता नजर आया और शक होने पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया लेकिन बदमाश पुलिस को देखकर वहां से भागने लगा। सुनीति ने बताया कि पुलिस ने पीछा करके उसे घेर लिया और अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देख बदमाश ने मोटरसाइकिल से उतरकर पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाईं और भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली नाजिम के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है।

### हवा की रफ्तार, टकराई पलटी फिर सीधी हो गई कार, शादी के दिन दुल्हन की मौत, 3 की हालत नाजुक

नई दिल्ली, एजेंसी। फरीदाबाद में एकबार फिर तेज रफ्तार से दर्दनाक हादसे की घटना सामने आई है। बाईपास रोड पर सोमवार तड़के खड़े कैंटर से टकराकर एक युवती की मौत हो गई, जबकि हादसे में तीन लोग घायल हो गए। परिजनों के मुताबिक युवती की सोमवार को ही शादी थी और सुबह हादसा हो गया। पुलिस का कहना है कि कार की रफ्तार तेज होने के कारण कैंटर से टक्कर लगते ही पलट गई।


उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-12-T-2024-25-E3 रेल भवन में एयर कंडीशनिंग कार्य के संबंध में सभी गलियारों के नवीनीकरण के कार्य के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 351.67 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 325800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 20.05.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 20.05.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1213/24